Need to provide immediate relief to the farmers for the damage of crops-laid

श्री जुगल किशोर **(जम्मू) :** सीमावर्ती क्षेत्र के छम्ब सेक्टर पलांवाला में एक तो कांटेदार तार लगी है और अभी तक माइन बिछे हुए है । दुर्भाग्यवश तार के उस पार हमारे किसानों की कई एकड़ जमीने भी है जो बहुत ही उपजाऊ है, जिसमे धान, चावल आदि की खेती कर अपना जीवन निर्वाह करते थे, उनकी उपजाऊं जमीन तार के उस पार चले जाने से ना ही वो खेती कर पाते है और ना ही इन लोगों को कोई मुआवजा मिला है । मैं सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि उनकी दयनीय दशा को देखते हुए जिनको मुआवजा नहीं मिला है, उन किसानों की एक सूची जम्मू-कश्मीर सरकार से मंगवाई जाए ताकि उस जमीन का मुआवजा उन किसानों को यथाशीघ्र मिल सकें, जिससे वह अपनी जिन्दगी गुजर-बसर ठीक प्रकार से कर सकें ।